भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3316
जिसका उत्तर मंगलवार, 17 मार्च, 2015 को दिया जाना है

इंजन प्रौद्योगिकी का उन्नयन

3316. श्री गोकाराजू गंगा राजूः

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार देश में भावी समान ईंधन मानकों के अनुरूप वाहन इंजन प्रौद्योगिकियों का उन्नयन प्रस्तावित कर रही है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा इस दिशा में क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री जी. एम. सिद्धेश्वर)

(क) और (ख): सरकार ने ऑटो फ्यूल रोडमैप 2025 के लिए एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया था। इस समिति ने पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय को मई, 2014 में अपनी सिफारिशें प्रस्तुत कर दी हैं। यह सिफारिशें पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। अंतिम अनुमोदन और अधिसूचना की प्रतीक्षा है। ऑटो फ्यूल नीति में 2017 तक पूरे देश में भारत स्टेज (बीएस) IV ईंधन और उत्सर्जन, 2020/2021 तक बीएस V और 2024 में बीएस VI लागू करने के लिए रोडमैप है। देश में उन्नत उत्सर्जन मानकों को पूरा करने के लिए विनिर्माताओं द्वारा वाहनों के ईंजन को उपयुक्ततः उन्नत किया जाएगा।

****